

परेड मैदान में हैंडलूम एक्सपो में खरीदारी करते लोग।

## नेशनल हैंडलूम एक्सपो में पहाड़ी उत्पादों की धूम


**संवाददाता** देहरादून। परेड ग्राउंड में आयोजित नेशनल हैंडलूम एक्सपो में दून वासियों को उत्तराखण्ड के उत्पाद बहुत आकर्षित कर रहे हैं। एक्सपो में उत्तराखण्ड के विभिन्न जिलों से आए कारीगरों द्वारा अपने उत्पादों के स्टाल लगाए गए हैं। स्टॉलों में बहुत सी ऐसी चीजों को दिखाया गया है जो सिर्फ उत्तराखंड में ही पाए जाते हैं। पहाड़ से जुड़े विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन हैंडलूम एक्सपो में किया गया है। उत्तराखंड के उत्पादों की बात करें तो पहाड़ी दाल, पहाड़ी नमक, पहाड़ी चावल लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। हाथ से बनाये गर्म कपड़े भी लोगों को खूब भा रहे हैं। ग्राहकों की बढ़ती तादात देखकर बुनकर काफी खुश नजर आ रहे हैं। यह सभी प्रोडक्ट्स अलग–अलग डिजाइन में मौजूद हैं और लोगों को बहुत आकर्षित कर रहे हैं। पिछले वर्ष मुकाबले इस वर्ष ज्यादा लोग एक्सपो को देखने आ रहे हैं। उपनिदेशक उद्योग शैली डबराल, मेला अधिकारी केसी चमोली, जगमोहन बहुगुणा द्वारा स्टॉलों का निरीक्षण किया गया।


# Page Three
# Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अवैध खनन पर अंकुश लगाने को लेकर डीएम ने ली बैठक

## दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठोस कदम उठाने के निर्देश

**निर्देश**

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में अवैध खनन पर अंकुश लगाने तथा शिमला बाईपास पर हुई दुर्घटना की जांच और इस तरह की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित समिति के सदस्यों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित करते हुए जरूरी दिशा–निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समिति में सम्मिलित सभी अधिकारियों को अपने–अपने विभागीय स्तर से अवैध खनन की रोकथाम, अनाधिकृत तरीके से चलते वाहनों की रोकथाम तथा इससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठोस कदम उठाने के निर्देश।

उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर को शिमला बाईपास रोड़ पर हुई दुर्घटना के सम्बन्ध में वीडियो फूटेज यदि हो तो उसका अवलोकरन करते हुए प्रतिबन्धित समय में वाहन के प्रवेश, बीच में रूकने के समय, दुर्घटना के समय इत्यादि का रूटीन अध्ययन करते हुए सम्बन्धित वाहन व चालक पर आवश्यक कार्रवाही के साथ ही प्रतिबन्धित समय में ड्यूटी पर तैनात सिपाही द्वारा की गयी लापरवाही की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त रात्रि में 11 बजे से सुबह के 5 बजे के अनुरूप समय के बीच ही भारी लोडर वाहनों के प्रवेश का अनुपालन करवाने के निर्देश दिये।



अवैध खनन को लेकर बैठक लेते जिलाधिकारी।

उन्होनें समिति को निर्देश दिये कि शिमला बाईपास रूट पर विकासगनर की ओर से आने वाले रूट की निगरानी के लिए धर्मावाला ओर जाने वाले रूट के लिए नया गांव में चौकपोस्ट स्थापित करते हुए गुजरने वाले वाहनों की निगरानी करें।

रूट पर पंजाब–हरियाणा–हिमाचल से आने वाले वाहनों के इलैक्ट्रानिक न0 की स्कैनिंग करते हुए निगरानी करें तथा अनाधिकृत व ओवरलोडिंग वाहनों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें। साथ ही फर्जी ई–रवन्ना बनाने वाले गिरोह की जांच करते हुए उन पर सख्त कार्यवाही करें।

जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को चौकपोस्ट पर अनाधिकृत वाहनों की जांच करते हुए कार्यवाही करने तथा जिला खनन अधिकारी को सभी खनन वाहनों में जीपीएस लगाने हेतु आवश्यक होमवर्क करने के पश्चात सम्बन्धित खनन एसोसिएशन से समन्वय करते हुए इसका अनुपालन करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हम हर–हाल में 15 जनवरी 2020 तक खनन वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाना चाहते हैं, जिससे खनन में लगे सभी वाहनों की ऑनलाईन मॉनिटिरिंग संभव हो सके।

## न्यूज डायरी

### कांजी हाउस खोलने की उठाई मांग

**संवाददाता** पौड़ी। योगी गो रक्षा समिति संगठन ने गो संरक्षण के लिए शहर में कांजी हाउस खोलने की मांग डीएम से की है। साथ ही आवारा गोवंश को सड़कों पर छोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की गई है। समिति की गढ़वाल मंडल अध्यक्ष कुसुम चमोली ने डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल को ज्ञापन देकर कहा है कि शहर में लावारिश गोवंश बड़ी संख्या में घूम रहे है। जिससे गोवंशों के साथ सड़क दुर्घटनाओं के साथ ही गोवंश को कड़ाके की ठंड में दिक्कतें होती है। लिहाजा शहर में जल्द ही कांजी हाउस का निर्माण किया जाना जरूरी है। उन्होंने डीएम से जल्द ही शहर में कांजी हाउस खोलने की मांग की है।

### भाषा प्रबोधन वर्ग में संस्कृत भाषा सीखें

**संवाददाता** टिहरी। संस्कृत भाषा के प्रसार एवं जन–जन तक संस्कृत भाषा व्यवहारिक भाषा बनाने के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 10 दिवसीय भाषा प्रबोधन वर्ग आयोजित की जा रही है। यह जानकारी देते हुये टिहरी जनपद संयोजन डा. शक्ति प्रसाद उनियाल ने बताया कि इस वर्ग में संस्कृत भाषा में वार्तालाप करना सिखाया जायेगा। यह वर्ग उत्तराखंड के दो स्थानों पर लगाया जायेगा। कुमाऊं संभाग में 1 से 10 जनवरी तक हल्द्वानी में और गढ़वाल के मानव कल्याण आश्रम कनखल हरिद्वार में 2 से 12 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा।

### माणा गांव के हस्तशिल्प में होगा बदलाव

**संवाददाता** चमोली। माणा गांव के हस्तशिल्प ऊनी वस्त्र नए डिजाइन में नजर आएंगे। माणा गांव की भोटिया जनजाति की महिलाओं को एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट की ओर से नए डिजाइन वाले ऊनी कपड़ों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये कपड़े बाजार में चल रही डिजाइन कपड़ों की भरपाई करेंगे। आज की चकाचौंध में माणा गांव के ऊनी वस्त्रों की डिमांड कम हुई है। एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट की ओर से हैंडीक्राफ्ट मिशन के तहत माणा गांव के ऊनी कपड़ों को डिजाइन कर बाजार में उतारा जाएगा।

### नागरिकता संशोधन काननू की भ्रांति दूर करेगी बीजेपी

**संवाददाता** पौड़ी। भारतीय जनता पार्टी की मंगलवार को पौड़ी में नागरिकता संशोधन कानून पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलेभर के पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में कानून की जानकारी घर–घर तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री राजेंद्र भंडारी ने कहा कि सीएए की जानाकरी बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ता पहुंचाएं।

# सीएम पोर्टल की शिकायतों का समय से निस्तारण न किये जाने पर एडीएम ने अधिकारियों को चेताया

**संवाददाता**

हरिद्वार। अपर जिलाधिकारी नोडल अधिकारी सीएम हेल्पलाइन कृष्ण कुमार मिश्र ने ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायकर्ताओं द्वारा आ रही शिकायतों व निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जिला स्तर पर निस्तारित होने वाली शिकायतें अर्थात जो लेवल वन पंजीकृत हो रही हैं, सभी का निर्धारित अवधि में निस्तारण न किये जाने पर अधिकारियों को चेताया।

उन्होंने अधिकारियों को ऑनलाइन पंजीकृत शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय में निस्तारित कर रिपोर्ट प्रेषित किये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी अपनी आईडी लॉगइन नहीं कर रहे हैं, जिससे शिकायतें लेवल वन से उपर उच्च अधिकारी लेवल चार तक चली गयी हैं। उन्होंने ऐसी शिकायतों को तत्काल जांच कर निस्तारण रिपोर्ट उच्च अधिकारी को प्रेषित कर निस्तारण के निर्देश दिये।



पोर्टल पर आ रही शिकायतों की समीक्षा करते हुए।

मिश्रा ने कहा कि एल वन अधिकारी नियमित रूप से अपनी आईडी लॉगइन कर जांच करें कि कोई शिकायत चौक न होने या आंशिक निस्तारण न होने के कारण लेवल 2,3,4 पर तो पैंडिंग नहीं हो गयी है। किसी भी स्थिति में शिकायतों की पैंडेंसी न बढ़ायें, अपने स्तर से निस्तारण न किये जा सकने वाली शिकायतों पर समय से रिपोर्ट लगाकर शिकायतकर्ता को अवगत करायें। उन्होंने विभागवार पैंडिंग शिकायतों का विवरण भी अधिकारियों को बताते हुए कहा कि शीघ्र ही कार्य को प्राथमिकता पर करायें।

यदि इसके बाद भी शिकायतें पैंडिंग रहती हैं तो शासन के निर्देशानुसार दण्डात्मक कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

## डीएम ने केन्द्र पोषित शहरी विकास योजनाओं की समीक्षा की

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने मंगलवार को क्लक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों की बैठक लेते हुए केन्द्र पोषित शहरी विकास योजनाओं की समीक्षा की। मौके पर जिन अभ्यर्थियों को प्रधान मंत्री आवास के तहत 80 प्रतिशत तक धनराशि का भगतान किया जा चुका है। उनके आवास हर हाल में 20 जनवरी तक पूरे करवाने के निर्देश दिए। काम पूरा नहीं होने पर डीएम ने अधिशासी अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को पीएम आवास और स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य को शतप्रतिशत हासिल करने और नगर क्षेत्रों में नवाचार के तहत इनोवेटिव कार्य कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पीएम आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिशासी अधिकारियों को लाभार्थियों से जल्द आवास निर्माण कार्यों को पूरा कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नवाचार के तहत नगर क्षेत्रों में कुछ इनोवेटिव कार्य कराने पर भी जोर दिया।